नाली के उपर बने शौचालय को निगम ने ढहाया

भिलाईनगर/नाली के उपर स्लैब डालकर अवैध रूप से निर्मित शौचालय को जोन- 4 का राजस्व अमला मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में निर्माण को बेदखल किया।

भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अवैध निर्माण पर कार्रवाई किया गया। बता दें कि जोन-4 शिवाजी नगर वार्ड 42 गौतम नगर के गली नं. 5 में निवास करने वाले ओमप्रकाश चौधरी , ब्रिजेश गुप्ता एवं अन्य लोगो के द्वारा नाली के उपर स्लैब डालकर शौचालय का निर्माण किया गया था। उक्त अवैध निर्माण के कारण निगम के स्वास्थ अमले को नाली की गहराई से सफाई करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा द्वारा अवैध कब्जाधारियो को नोटिस देकर स्वयं से कब्जा हटा लेने को कहा गया था , किन्तु अवैध कब्जाधारियो द्वारा कब्जा नहीं हटाने पर तथा नोटिस की मियाद समाप्त होते ही जोन का राजस्व अमला जिला प्रशासन के प्रतिनिधि तहसीलदार , पंचभाई गुरूदत्त, सहायक अभियंता प्रिया खैरवार, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, खुर्सीपार थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुॅचे और नाली के उपर किये गये अवैध शौचालय निर्माण को जे.सी.बी. से ध्वस्त किया ।

निगम प्रशासन ने कहा है कि सफाई एवं यातायात मे बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध निर्माण तथा कब्जो पर लगातार कार्यवाही किया जाना है ताकि सफाई कार्य तथा नागरिको को आवागमन में कोई असुविधा न हो।